>

Title: Need to ensure proper packing of cement by the cement companies.

श्री गणेश सिंह (सतना): श्री गणेश सिंह (सतना) मैं भारत सरकार का ध्यान सीमेंट की खरीदी करने वाले उपभोक्ताओं के साथ हो रहे अन्याय की ओर दिलाना चाहता हूं। सीमेंट कंपनियां जिस बैग में सीमेंट पैक करके बाजार में भेजते हैं उस बोरी से सीमेंट बाहर निकलती रहती है और उपभोक्ता तक पहुंचते पहुंचते उसमें सीमेंट कम हो जाती है जबकि उपभोक्ता से पूरा पैसा लिया जाता है यह उचित नहीं है उसके अलावा पर्यावरण भी प्रभावित होता है।

मेरी सरकार से मांग है कि देश की सभी सीमेंट उत्पादक कंपनियों को निर्देश दिया जाए कि वे जो सीमेंट बैग उपयोग करते हैं उसमें सुधार करें ताकि सीमेंट बैग से बाहर जो सीमेंट गिरती रहती है उस पर रोक लगाई जा सके।